दिनांक–01.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन प्रकिया जारी। प्रदेश में चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर।
- लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जारी।
- प्रदेश में आज से गर्मी बढ़ने के आसार। कुछ जिलों के लिये मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।
- आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की पहली हार। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 रनों से हराया।

लोकसभा चुनाव–प्रदेश

प्रदेश में, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया जारी है। 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। इस बीच प्रदेश में चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। वहीं पहले चरण की छह सीटों पर उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

वीसी–संजीव शर्मा

मध्य प्रदेश में, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये छह सीटों पर कुल 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कुछ प्रमुख उम्मीदवारों में मंडला से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और छिंदवाड़ा से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में दूसरे चरण में अब तक 8 नामांकन पत्र भरे गए हैं। राज्य में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को और दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी। वहीं, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने राज्य में 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार–प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। –संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

प्रदेश प्रचार

लोकसभा चुनाव कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के बाद दोपहर में छिंदवाड़ा के चौरई चुनाव प्रचार में भाग लेंगे। शाम को शाहपुरा चांद पहुंचकर स्थानीय कार्यकर्मों में शामिल होंगे और प्रबुद्धजन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष  जीतू पटवारी ने कल देर शाम राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी  दिग्विजय सिंह  के समर्थन में सुसनेर में जनसभा को संबोधित किया। आज भी उनके कई कार्यक्रम है।

लोकसभा चुनाव गतिविधियां

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियों और मतदाता जागरुकता के दौर जारी है। आगरमालवा जिले के मतदानकर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 2 एवं 3 अप्रैल को एक निजी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। वहीं मंडला में लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए 14 अभ्यर्थी शेष हैं।सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये हैं। गुना में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान दल में पीठासीन/ मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण कल से 06 अप्रैल 2024 तक आयोजित किया जायेगा। गुना, बमोरी एवं आरोन के लिए शासकीय पीजी कॉलेज गुना में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। रायसेन में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में लोकसभा चुनाव के लिए की जा रही कार्यवाहियों को विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। जिले में पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण आज से 3 अप्रैल तक प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय के निर्धारित स्थल पर आयोजित किया जाएगा।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं आमला, जिला बैतूल के दिलीप देशमुख, शिक्षक का संदेश। –

पीएम–मुंबई दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक दिन के मुंबई दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, वह मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई के 90 वर्ष पूरे होने के जश्न में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य मंत्री हिस्सा लेंगे। इस मौके पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल 1935 को हुई थी और यह आज अपने 90वें वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। इस अवसर पर रिजर्व बैंक एक स्मारक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिन में कुछ हिस्सों में आंधी तूफान के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम प्रणालियों के कमजोर पड़ने के साथ ही प्रदेश में वातावरण शुष्क होने लगा है। आज से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी।

प्रदेश में नर्मदापुरम, रीवा, सागर, जबलपुर संभागो मे कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटों में वर्षा दर्ज की गई वहीं सतना छतरपुर दमोह आदि जिलों में लू का प्रकोप देखा गया है। सर्वाधिक तापमान 40 दशमलव 7 डिग्री सतना में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल के लिए नर्मदापुरम सतना मैहर दमोह उमरिया छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों के लिए गर्मी के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान में बढोतरी होगी। वहीं छिंदवाड़ा पांढुर्ना सिवनी और बालाघाट में हल्की वर्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित अन्य जिलों में बादल छाए रहने की संभावना है। इस बीच खंडवा जिले में लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट के 13वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को कल रात विशाखापत्तनम में 20 रन से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने 192 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 171 रन ही बनाए। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 45 रन बनाए जबकि एम एस धोनी 37 रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। डेविड वार्नर ने सबसे अधिक 52 रन बनाए, उनके बाद कप्तान ऋषभ पंत 51 रन के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर का 25वां दीक्षांत समारोह कल संपन्न हुआ। कुल 802 प्रतिभागियों ने अपनी डिग्री प्राप्त की। मॉर्गन स्टेनली इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रिधम देसाई मुख्य अतिथि रहे ।
- खरगोन में जिला कलेक्टर ने कल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक में ग्रीष्म काल में जिले में पेयजल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री भी उपस्थित थे।
- आज शीतला सप्तमी के त्यौहार पर उज्जैन, भोपाल सहित प्रदेश में शीतला माता मंदिर में सुबह से बड़ी संख्या में महिलाओं का पहुंचना जारी है। आज के दिन ठंडा भोजन मां शीतला को अर्पित किया जाता है।
- धार में भोजशाला परिसर में चल रहे एएसआई सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।
- वित्तीय वर्ष 2023—24 में मध्यप्रदेश का जीएसटी कलेक्शन 46 प्रतिशत बढ़कर 3 हजार 331 करोड़ रूपये हो गया है। ये अब तक का सर्वाधिक कलेक्शन है।
- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीयूईटीयूजी परीक्षा के लिए आयोजन की तारीख 5 अप्रैल तक बढ़ा दी है। परीक्षा 15 मई से होगी।

——————————————